# नपा कार्यालय बना भ्रष्टाचार का अड्डा

**खास बातें**

- अधिकारी-कर्मचारी बेलगाम, पार्षदों की नहीं हो रही सुनवाई
- शासन की नीतियों की कर्मचारी उड़ा रहे धज्जियां




**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 15 मार्च, नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों पर पक्षपात भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं.नगर पालिका परिषद में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी खुलकर पक्षपात और भ्रष्टाचार कर रहे हैं.प्रधानमंत्री आवास योजना में जिन लोगों के नाम सूची में है और जिन्हें कुटीर राशि स्वीकृत की गई है.अनेक लोग उनमें ऐसे हैं जो अपने परिवार के नाम पर पहले ही कुटी राशि ले चुके हैं.अब दूसरे नाम से भी आवास कुटी ले रहे हैं मकान एक और अनेक लोगों के नाम कुटी राशि स्वीकृत यह सब कैसे हुआ.इसकी जानकारी नगर पालिका परिषद अध्यक्ष तथा पार्षदों को नहीं है.यह खेल नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारियों के बीच हुआ है.**

प्रधानमंत्री आवास कुटी की सूची भी पार्षदों को नहीं दी गई.कब राशि आई और कब हितग्राही के नाम खातों में डाल दी गई.यह भी जानकारी पार्षदों को नहीं दी गई.जो पात्र व्यक्ति हैं वह कुटी के लिए भटक रहे हैं.उनसे दस्तावेज और अन्य कागज मांगे जा रहे हैं इसके साथ-साथ और भी नियम कानून बताए जा रहे हैं.नगर पालिका कार्यालय में बैठे बाबू सर्वे करने वाले मिले हुए हैं यह मिलकर ही सारा खेल कर रहे हैं.यह आरोप कांग्रेस पार्षद दल ने लगाया है उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा है पक्षपात और भ्रष्टाचार को लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे और नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों को बेनकाब करेंगे.सबके साथ समान करवाई होना चाहिए. विकास कार्यों में भी यही स्थिति बनी हुई है. इसके साथ आवास कुटी में भी पक्षपात हुआ है.कौन सा वार्ड पिछड़ा है कहां गरीब अधिक संख्या में रहते हैं जिनके पास मकान नहीं है वर्षों से झोपड़िया बना कर रह रहे हैं.उन्हें सबसे पहले प्राथमिकता के आधार पर उन्हें राशि उपलब्ध होना चाहिए. शासन की जनकल्याणकारी नीतियों की कर्मचारी अधिकारी धज्जियां उड़ा रहे हैं शासन की मंशा है.गरीबों को सबसे पहले लाभ मिले.परंतु गंजबासौदा नगर पालिका में ऐसा नहीं हो रहा है नियम कानून की धज्जियां उड़ रही हैं इसकी जांच होना चाहिए जनहित में यह बहुत जरूरी है.निर्माण कार्य भी घटिया हो रहे हैं.ऐसा प्रतीत होता है की यह कार्य कमीशन खोरी के लिए किए जा रहे हैं क्वालिटी से कोई लेना देना नहीं है.उप यंत्री तथा अन्य कर्मचारी निर्माण कार्य देखने मौके पर तक नहीं पहुंचते जिन्हें कोई अनुभव नहीं है.उन ठेकेदारों से सड़कों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है.मुख्य नगर पालिका अधिकारी अस्वस्थ रहते हैं.कहीं आते जाते नहीं है ठीक से बात भी नहीं कर पाते इस कारण भी यह स्थिति बनी हुई है.उन्हें छुट्टी लेकर चले जाना चाहिए या उनका स्थानांतरण हो जाए तो उचित होगा अन्यथा स्थिति और बिगड़ेगी.

**हमें नहीं जानकारी-नपाध्यक्ष**

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव का कहना है कि हमें जानकारी नहीं है.प्रधानमंत्री आवास योजना की कुटी की सूची किसने तैयार की और खाते में राशि डाली हम जांच कराएंगे.

# हत्या के प्रयास के मामले में फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

**घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार जप्त**

**मुगलसराय पुलिस की कार्यवाही**



**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज 16 मार्च, थाना मुगलसराय पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार कुल्हाड़ी जप्त किया है. जिले में अपराधों की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में थाना मुगलसराय पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में तीन फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**

जानकारी के अनुसार बीते दिनों थाना मुगलसराय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अनूपपुर में गंभीर घटना की सूचना प्राप्त हुई थी. घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई. प्रकरण में गत दिनों दो आरोपियों राजन दांगी एवं मोनू दांगी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका था. विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा तकनीकी एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर शनिवार को शेष तीन फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें लाखन सिंह दांगी उम्र 60 वर्ष, गोलू उर्फ भागवत दांगी उम्र 27 वर्ष, अजय उर्फ कल्ला निवासीगण ग्राम अनूपपुर थाना मुगलसराय शामिल हैं. आरोपियों से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी जप्त की गई. पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी के.के. पवार, आरक्षक राहुल पटेल, आरक्षक आकाश राणा, आरक्षक सुखजिंदर सिंह, आरक्षक सुनील जाट एवं आरक्षक नीरज राय की सराहनीय भूमिका रही.

## सरस्वती शिशु मंदिर से बच्ची चुराने का किया प्रयास

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** लाल पठार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में एक व्यक्ति पहुंचा और उसने कहा हमारी बच्ची प्राची नामक यहां पढ़ती है उसे बुलाओ विद्यालय के कर्मचारियों ने प्राचार्य तथा स्टाफ से चर्चा की तो उन्होंने बाहर आकर उक्त व्यक्ति का नाम बच्ची की क्लास की जानकारी मांगी तो वह यह सुनते ही वहां से भाग निकला.शिक्षक उसे आवाज लगाते रहे लेकिन वह रफू चक्कर हो गया. इससे विद्यालय में हलचल बढ़ गई.यह चिंता का विषय है. पुलिस में रिपोर्ट अज्ञात व्यक्ति के नाम से डालना चाहिए.अन्य विद्यालयों को सजग रहना चाहिए.इस तरह की घटनाएं बढ़ना चिंता का विषय है.बताया जाता है की बदमाशों का गिरोह बच्चों को बेचता है.उनके तार महानगरों से जुड़े हुए हैं.पुलिस गोपनीय रूप से जांच पड़ताल करे.




## त्योंदा में उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**त्योंदा, त्योंदा तहसील के अंतर्गत 14 मार्च को उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया. इस परीक्षा में ग्रामीणों ने बढ़चढ़कर भाग लिया.संकुल केंद्र त्योंदा के समन्वयक अखलेश कुमार शर्मा ने बताया कि त्योंदा क्षेत्र में अशाक्षरो की 30 चेतना केन्द्रो पर परीक्षा संपन्न हुई.**

परीक्षा में लगभग 600 ग्रामीण लोगों ने भाग लिया.परीक्षा का प्रचार प्रसार समस्त चेतना केन्द्रों के नोडल एवं प्रभारी एवं अक्षर साथियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही. उन्होंने बताया कि यह परीक्षा ग्रामीणों को साक्षर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है.इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि यह परीक्षा ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व को समझाने और उन्हें साक्षर बनाने में मदद करेगी.उन्होंने कहा कि यह परीक्षा ग्रामीणों के लिए एक अच्छा अवसर है अपने ज्ञान को बढ़ाने और अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए.परीक्षा के आयोजन में शामिल सभी लोगों को बधाई दी गई.

**एक नजर में**

## ग्राम रोजगार सहायक संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष बने संदीप

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** श्री बटैया सरकार हनुमान मंदिर पर रविवार को ग्राम रोजगार सहायक संघ की बैठक संपन्न हुई. जिसमें ग्राम रोजगार सहायक संगठन तहसील इकाई के नवीन अध्यक्ष का चुनाव किया गया. जिसमें संदीप शर्मा को सिरोंज ब्लॉक का अध्यक्ष चुना गया. तथा इसके साथ ही सिरोंज इकाई कार्यकारणी की घोषणा भी की गई. जिसमें उपाध्यक्ष अभिषेक पाठक एवं कैलाश यादव, प्रवक्ता संदीप शर्मा एवं विजय धाकड़, मीडिया प्रभारी मुकेश विश्वकर्मा, संगठन सचिव सगीर खान, सह सचिव शाहिद खान, कोषाध्यक्ष रणवीर राठौर, सलाहकार सदस्य रविन्द्र राठौर एवं कार्यकारणी सदस्य रामदीन शर्मा, जीवन धाकड़, दिनेश राठौर, सुनील कुशवाह को नियुक्त किया गया.

## हुआ रोजा इफ्तार कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**
**पठारी,** रमजान के पवित्र महीने में रोजेदार इन दिनों आखिरी अशरे की इबादत में जुटे हैं, रविवार शाम को कृष्णा गणेश गार्डन में जैन समाज के अध्यक्ष राकेश सिंघई एवं जसवंत सिंह यादव की ओर से रोजा अख्तियार कार्यक्रम रखा गया जिसमें मुस्लिम समाज एवं हिंदू समाज के सैकड़ो की संख्या में लोगों ने शामिल होकर रोजा अकतारी की रमजान का 25 वां रोजा था.मस्जिदों के साथ घरों में भी अल्लाह की बंदगी और दुआओं का सिलसिला तेज हुआ है.इस्लाम धर्म में रमजान को बेहद पवित्र माना जाता है.लोग रोजा रखते हैं.नमाज पढ़ते हैं.कुरआन की तिलावत करते हैं.दान-पुण्य करते हैं.खुदा की रहमत हासिल करने की कोशिश करते हैं.स्थानीय समाजसेवी लतीफ कुरैशी ने बताया कि रमजान का महीना तीन अशरों में बंटा है.पहला अशय रहमत का होता है.इसमें अल्लाह की कृपा और दया की बरसात मानी जाती है.

# पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**प्रशासन ने दिया जल्द समाधान का आश्वासन**



**नवभारत न्यूज**
**आनंदपुर, ग्राम पंचायत आनंदपुर में नल-जल योजना की अव्यवस्था और पानी की गंभीर समस्या से परेशान ग्रामीणों ने चक्का जाम कर धरना प्रदर्शन किया. ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच और ठेकेदार के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण गांव में पीने के पानी की भारी किल्लत हो गई है, जिससे लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है.**

मंगलवार को आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर उतर आए और चक्का जाम कर नारेबाजी करते हुए पानी की मांग करने लगे. इस दौरान पंचायत व्यवस्था और ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए गए.

चक्का जाम की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और मौके पर लटेरी तहसीलदार जगत प्रताप शौर्य पहुंचे. उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और तत्काल पीएचई विभाग के इंजीनियर तथा ठेकेदार के कर्मचारियों को मौके पर बुलाया.तहसीलदार ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि अगले ही दिन पानी की समस्या का समाधान कराया जाएगा.प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों से चक्का जाम समाप्त करने की अपील की गई, जिसके बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन समाप्त कर रास्ता खोल दिया.चक्का जाम में शामिल ग्रामीण नवीन करेलिया ने बताया कि ठेकेदार और ग्राम पंचायत की लापरवाही के कारण गांव के लोग पानी के लिए परेशान हैं.उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे, चाहे इसके लिए उन्हें अमरण अनशन ही क्यों न करना पड़े. ग्रामीणों ने पंचायत की मनमानी और लापरवाही के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

# समितियों का हुआ एक दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण



**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सेक्टर गरेंठा मे नवांकुर योजना अंतर्गत सेक्टर स्तरीय समितियों का एक दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण संपन्न हुआ. जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच गोविंद सिंह रघुवंशी, स्कूल प्राचार्य श्रीपाल गौतम, शिक्षक अर्जुन सिंह आरोलिया, विकासखंड समन्वयक चरण सिंह दांगी, नवांकुर संस्था कचनारिया से रामचरण कुर्मी, अंकेश पटेल, किशोर कुर्मी उपस्थित रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ माँ भारती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया.**

जनकल्याण समाज सेवा समिति गरेंठा द्वारा अतिथियों एवं प्रशिक्षण दाताओं का तिलक लगाकर एवं उपहार स्वरूप पौधा भेंट कर स्वागत किया गया. प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में विकासखंड समन्वयक चरण सिंह दांगी ने जन अभियान परिषद की अवधारणा एवं परिषद द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया. द्वितीय सत्र में पूर्व सरपंच गोविंद सिंह रघुवंशी ने पौधारोपण के महत्व के बारे में बताया. तृतीय सत्र में प्राचार्य श्रीपाल गौतम ने जीवन में संस्कारों के महत्व के बारे में बताया. चतुर्थ सत्र में नवांकुर संस्था कचनारिया से रामचरण कुर्मी ने सामाजिक नेतृत्व विकास के बारे में जानकारी दी. जनकल्याण समाज सेवा समिति गरेंठा संस्था प्रमुख किशोर कुमार ने समितियों को दस्तावेजीकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी. पंचम सत्र में कार्यक्रम समन्वयक अंकेश पटेल ने समितियों में नर्सरी तैयार करने एवं अधिक से अधिक पौधारोपण के बारे में जानकारी दी. इस मौके पर समिति प्रतिनिधियों द्वारा समिति के माध्यम से किए गए उत्कृष्ट कार्यो के बारे में बताया गया. इस दौरान अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में सहभागी समिति के अध्यक्ष, सचिव, सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये. कार्यक्रम में अमर सिंह कुशवाह, रतनलाल साहू, धर्मराज शर्मा, रामकृष्ण धाकड़, महेंद्र सिंह धाकड़, हटे सिंह धाकड़, बृजेश कुर्मी, रामकृष्ण कुर्मी, अंकेश, जगदीश, निलेश साहू, बीरन सिंह कुर्मी, ज्योतिष धाकड़, सुमित शाक्य सहित समिति सदस्य मौजूद रहे.

## सैण्ट एसआरएस पब्लिक हाई स्कूल के छात्र विकास का रेलवे स्टेशन पर हुआ स्वागत

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** चित्रकूट मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के पश्चात स्थानीय रेलवे स्टेशन पर घर वापस आए होनहार स्वयंसेवकों का जोरदार स्वागत किया गया. इस शिविर में स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के विकास मीणा का भी संस्था प्राचार्य उमेश चंद्र यादव एवं खेल प्रशिक्षक गजेंद्र सिंह दांगी सहित सभी स्वयंसेवकों के अभिभावकों ने पुष्पमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया.इस दौरान स्वयंसेवक विकास मीणा ने केम्प के अनुभव शेयर करते हुए कहा कि उनके जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना का राज्य स्तरीय कैंप एक सुखद अनुभव और भविष्य की स्वर्णिम योजना लेकर आया है.संस्था प्राचार्य उमेश चंद यादव ने बताया कि पिछले 7 दिनों से राज्य स्तरीय एन.एस.एस. केम्प चित्रकूट में संचालित हो रहा था. जहां पर बच्चों के व्यक्तित्व विकास और राष्ट्रीय भावना की जागरण के लिए उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा था. प्रशिक्षित स्वयंसेवक अब अपनी - अपनी संस्थाओं में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे और अन्य स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करेंगे. राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर से आए हुए स्वयंसेवकों का गंज बासौदा में स्वागत किया गया.



## अरोरा बने भाजपा जिला मीडिया प्रभारी



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** नगर पालिका परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश अरोरा को विदिशा भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला अध्यक्ष का आभार माना है.अरोरा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से स्वागत किया.

# रक्त सेवा समिति की हुयी बैठक, रक्त समूह शिविर होंगे आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा**, रक्त सेवा समिति की बैठक ग्राम नरोदा में संपन्न हुई.जिसमें समिति के सक्रिय सदस्य, महिला शाखा, युवा शाखा की कार्यकारिणी संयुक्त रूप से उपस्थित रहे.सभी ने सामूहिक निर्णय लिया कि ग्रामीण क्षेत्र के सभी सेक्टर में रक्त समूह परिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे एवं समितियां का गठन करेंगे.साथ ही महिला दिवस के उपलक्ष में उत्कृष्ट और विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित होगा और गंजबासौदा की नवीन अस्पताल में ब्लड बैंक हेतु स्थापना के लिए ज्ञापन देने का निर्णय किया है.इस बैठक में रक्त सेवा समिति के संस्थापक राजेश तिवारी, उपाध्यक्ष शैलेंद्र दीक्षित, परवेज फजलानी ,ओम प्रकाश जैन नारी साड़ी ,हरि ओम भावसार, ममता जैन, श्रीमती विद्या घनश्याम यादव , शुभेन्द्र राजपूत, सौमित्र तिवारी, हरी नारायण शर्मा, रविशंकर लोहिया , राजेंद्र गौर,महेंद्र रघुवंशी ,मुन्नालाल दुबे, मुकेश तिवारी ,अजय संगर, अनुपमा संगर ,प्रमिला तिवारी, अंजू, संगीता, अनुराधा ,श्रीमती शशि रामबिहारी पाठक, आशा शरद भावसार, हरिनारायण शर्मा मनोज शर्मा, पीयूष दुबे, शांति कुमार जैन, मोहित भार्गव ,नीरज शर्मा ,रमन तिवारी, सूरजभान राजपूत, सीमा दुबे, कविता शर्मा, रिहाना फजलानी ,शरद दिक्षित ,सुषमा भावसार, आदित्य अरोड़ा, रेखा साहू ,सुनीता रघुवंशी, सुषमा शर्मा ,अरुण जैन ,जगपाल लोधी, खीलन सिंह गुर्जर, विद्यासरण शर्मा, सुरेश जैन, शालिग्राम शर्मा, मुन्ना लाल दुबे, दिनेश तिवारी, एवं अनेक कार्यकर्ता आभार वेश फाजिलानी में व्यक्त किया.

# मां कर्मा देवी जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा



**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज, साहू समाज युवा मंडल द्वारा मां कर्मा देवी जयंती रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई. इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मां कर्मा देवी की पूजा, अर्चना उपरांत भव्य शोभायात्रा निकाली गई. जो दिल्ली दरवाजा स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण से शुरू हुई.**

शोभायात्रा का बुलाखी गली होते हुए माता चौक होकर वापस मंदिर प्रांगण पहुंचकर समापन हुआ. शोभायात्रा में बालिकायें हाथों में कलश लेकर चल रही थी. वही आकर्षक बैंड बाजों एवं ढोल पर उत्साही युवा नाचते हुऐ चल रहे थे. शोभायात्रा में आकर्षक पालकी में माता कर्मा देवी व भगवान राधाकृष्ण की प्रतिमाऐं विराजित रही. पालकी को समाजजन कंधे पर रखकर चल रहे थे. शोभायात्रा का जगह जगह समाजजनों द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया. इस मौके पर भक्तों द्वारा माता कर्मा देवी एवं भगवान राधाकृष्ण की पूजा, अर्चना कर आरती की गई. शोभायात्रा का विश्व हिंदू परिषद द्वारा भव्य स्वागत किया गया. इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे.

### दोपहर में हुआ हवन, पूजन

शोभायात्रा के उपरांत श्री राधाकृष्ण मंदिर में पं. महेश प्रसाद शर्मा द्वारा मंत्रोच्चार व विधि विधान पूर्वक मां कर्मा देवी की पूजा, अर्चना कराई गई. इस मौके पर हवन की पूर्णाहूति भी हुई. उसके बाद प्रसादी वितरण किया गया. वही शाम को मंदिर में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया.

## पठारी में भी मनी मां कर्मा बाई जयंती

नगर मे साहू समाज की आराध्य देवी एवं भगवान श्री कृष्ण की भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की जयंती महा महोत्सव बड़ी धूमधाम और हर्षौल्लास के साथ मनाया गया. जिनकी शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से गुजरी शोभायात्रा हर छठ माता मंदिर थाना ग्राउंड संजय नगर सिद्ध क्षेत्र श्री करेली धाम तालाब रोड मुख्य बाजार बस स्टैंड पोद्दार मंदिर बड़ी माता मंदिर से निकाली गई.मां कर्मा देवी जयंती के पुनीत पावन अवसर पर श्री राम जानकी साहू समाज मंदिर में दिनभर विशेष पूजा अर्चना और अनुष्ठान का आयोजन किया गया. जिसमें प्रमुख रूप से महाआरती, हवन, भंडारा और संगोष्ठी श्री सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मां कर्मा देवी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई.जो प्रात: काल 10:00 से श्री राम जानकी साहू समाज मंदिर से प्रारंभ जो मुख्य मार्गो से होते हुए पुन:श्री राम जानकी साहू समाज मां कर्मा देवी मंदिर में संपन्न हुई. इस दौरान श्री विमान जी मे मां कर्मा देवी को बिराज कर घर- घर द्वार -द्वार मां कर्मा बाई की आरती और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया.डीजे की धुन पर महिलाएं एवं युवाएं नृत्य करते हुए भजन गाते हुए चल रही थी कार्यक्रम के दौरान समस्त समाज जन उपस्थित रहे.

## कुरवाई में मां कर्मा देवी की निकली भव्य शोभायात्रा

कुरवाई में साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा देवी की जयंती के अवसर पर कुरवाई नगर में रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई. कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया गया, जिसमें समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए.शोभायात्रा मुरलीधर मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, बस स्टैंड सहित नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई पुन: मंदिर परिसर पहुंची।. यात्रा के दौरान मां कर्मा देवी की सुसज्जित झांकी आकर्षण का केंद्र रही.श्रद्धालुओं ने पूरे मार्ग में फूलों की वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया.इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि मां कर्मा देवी साहू समाज की आस्था और प्रेरणा का प्रतीक हैं। उनके आदर्शों से समाज को एकता, सेवा और सद्भाव की प्रेरणा मिलती है.

**कार्यवाही**

**ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति का समय तय, दो हजार से अधिक बकाया वालों से वसूली अभियान तेज**

# फसलों की सुरक्षा के लिए खेतों के बिजली कनेक्शन काटे, बकायादारों पर भी कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**
**सांची, खेतों में खड़ी और लगभग तैयार फसलों को आगजनी जैसी घटनाओं से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से विद्युत मंडल ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं.मंडल द्वारा खेती के लिए दिए गए कई बिजली कनेक्शन अस्थायी रूप से विच्छेद कर दिए गए हैं, ताकि फसलों के बीच से गुजरने वाली बिजली लाइनों से किसी प्रकार की दुर्घटना न हो.**

विद्युत विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति का समय भी निर्धारित कर दिया है. साथ ही किसानों और ग्रामीणों को सलाह दी गई है कि वे फसलों के बीच से बिजली लाइन में अवैध तार न डालें और बिजली लाइनों से किसी प्रकार की छेड़छाड़ न करें.

इधर विभाग ने बकाया बिजली बिलों की वसूली के लिए भी अभियान तेज कर दिया है.जिन उपभोक्ताओं पर दो हजार रुपये से अधिक की राशि बकाया है, उन्हें जल्द भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं.निर्धारित समय में भुगतान नहीं करने वालों के बिजली कनेक्शन काटने की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है.बताया जा रहा है कि मार्च माह में मंडल ने लगभग तीन करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य रखा है। इसी के तहत कर्मचारी गांव-गांव जाकर घर-घर बकाया राशि वसूलने में जुटे हुए हैं.बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर बकाया राशि जमा कर अनावश्यक असुविधा से बचें.